● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 88, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 03 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र | हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर





परेशानी छुपाने मेकअप लगा रहे पीएमः पवन 5

आईपीएल के शेष मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक 6

# शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाक उतावलाः मोदी

## गुजरात में गरजे पीएम मोदी, राहुल पर कसा तंज

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के आणंद में चुनाव प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने शास्त्री मैदान में एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पूरा देश आज विश्वास के साथ कह रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल से भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना की। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस के कार्यकाल को शासनकाल कहा। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस को पाकिस्तान का मुरीद बताया है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। आणंद में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा, देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। कांग्रेस के 60 साल में करीब 60 फीसदी ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ तीन करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई, यानी कि 20 प्रतिशत से भी कम घरों में। 10 साल में ही नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या आज 14 करोड़ हो गई है, यानी 75 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचा है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। उन्होंने आगे कहा, बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले। रैली में पीएम मोदी ने कहा, 2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के प्रधानमंत्री बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे। जब उन्होंने छोड़ा था, तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था। 10 साल में इस गुजराती ने, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि कांग्रेस के कारण दशकों तक देश के संविधान के साथ भांति-भांति के खिलवाड़ हुए। सरदार वल्लभभाई पटेल का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह बहुत जल्दी चले गए, जिसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे कहा, मेरे मन में है कि मैं सरदार साहब के सपने भी पूरे करने की कोशिश करूं। आज मोदी देश को एक करने के सरदार साहब के सपने को पक्का कर रहा है। वहीं कांग्रेस देश को बांटने में जुटी है, कांग्रेस समाज में लड़ाई-झगड़ा कराना चाहती है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया, कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो, क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। मोदी के आने से पहले इस देश में दो संविधान, दो झंडे थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था।



# सीएम मोहन यादव पहुंचे अपनी विधानसभा क्षेत्र में, घर-घर जाकर किया जनसंपर्क

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में चुनाव अभियान के दौरान अपनी विधानसभा क्षेत्र उज्जैन के वार्ड क्रमांक 38 के बूथ क्रमांक 60 पर पहुंचे और घर-घर जनसम्पर्क कर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया को वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि हर कार्यकर्ता का मतदान केंद्र ही उसकी लोकसभा है। इस पर मतदान प्रतिशत ब?ाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। उन्होंने कहा, देश में मोदी की गारंटी सबसे ज्यादा चल रही है और मोदी जी की गारंटी का ही परिणाम है कि आज मध्यप्रदेश के सभी काम तेजी से हो रहे हैं। आयुष्मान योजना में अब 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिलेगा। यह मोदी जी की गारंटी का ही परिणाम है कि अब बुजुर्गों को भी 5 लाख तक का इलाज बीमार पड़ने पर मिल सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मक्सी रोड स्थित गली से जनसंपर्क शुरू किया और हर घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की। मंच लगाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अनेक जगह स्वागत हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना के लिए गली में निवास करने वाले प्रकाश पाटनी जी (उम्र 70 वर्ष), यशोदा बाई जी और फूलचन्द जी का फॉर्म भरा। रैली के रूप में जनसंपर्क करते हुए मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय लोक शक्ति भवन पहुंचे। यहां नवमतदाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवमतदाताओं का सम्मान किया और जो विद्यार्थी मेरिट में आए उनका मेडल पहनाकर सम्मान किया। कांग्रेस से भाजपा में आए कार्यकर्ताओं का पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया।



# कांग्रेस पार्टी हिंदू धर्म पर आधारित है: प्रियंका

## मेरे भाई को मार डालें पर हमसे देश की सेवा के भावना नहीं छीन सकते

**मुरैना।** मुरैना लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू के समर्थन में सभा करने प्रियंका वाड्रा मुरैना पहुंची। यहां सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा कि क्या नोटबंदी से काला धन वापस आया। कांग्रेस पार्टी हिंदू धर्म पर आधारित हैं, यह हमेशा सत्य पर चलती है। उन्होंने कहा कि आज की सरकार जनता के लिए नहीं चल रही है, भाषणों में मोदी जी के मुंह से किसी ने एक शब्द बेरोजगारी नहीं सुना। देश में 10 साल से नरेंद्र मोदी की सरकार है। उसने आपके लिए क्या-क्या किया, क्या-क्या नहीं किया। ये बात आपको समझनी पड़ेगी। आज देश में बड़ी बड़ी समस्याएं है। मोदी जी जनता से कट गए हैं, महलों में रहते है, बड़े बड़े घर में रहते हैं। मंच पर आते हैं, उद्घाटनों में जाते हैं।

उन्होंने कहा कि किसान आंदलोन कर रहे थे, तब बाहर नहीं आए बात करने, जब यूपी के चुनाव आए तब कानून वापस लिया। समझिए कैसी स्कीमें आ रही हैं, उद्योगपतियों के लिए सरकार चल रही है। महिलाओं से कहते हैं फार्म भरो 1200 रुपए देंगे, आपको कहना चाहिए 1200 रुपये में सिलेंडर भी नहीं आ रहा। प्रियंका ने कहा आपके दिल में देश भक्ति की भावना होगी तब आप अपने बेटे को सेना में भेजते हो, अग्निवीर का नाम लिए बिना कहा कि ये नौटंकी कर रहे हैं।

## अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थक छात्र आंदोलन, 1300 गिरफ्तार

**तेल अवीव।** अमेरिका में पुलिस की सख्ती के बावजूद फिलिस्तीन के समर्थन में छात्र आंदोलन जारी है। अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अब तक 30 यूनिवर्सिटीज से 1300 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार हो चुके हैं। बुधवार को यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स ने आदेश दिया है कि प्रदर्शनकारी छात्र या तो कैंपस छोड़ दें या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहें। हालांकि, छात्र चश्मे, मास्क और हेलमेट पहनकर अपनी जगहों पर डटे हैं।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल-प्रज्वल को लुकआउट नोटिस जारी

## गृह मंत्री परमेश्वर बोले- 24 घंटे में पेश नहीं हुए तो गिरफ्तारी होगी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ विशेष जांच दल ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह नोटिस प्रज्वल की उस अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने एसआईटी के सामने हाजिर होने के लिए समय मांगा था।

गुरुवार (2 मई) को कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि 7 दिन का समय देने का प्रावधान ही नहीं है, यदि वे 24 घंटे में पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होते हैं तो उनकी गिरफ्तारी भी संभव है।



प्रज्वल ने बुधवार 1 मई को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था- मैं जांच में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के जरिए सीआईडी बेंगलुरु को बता दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। रेवन्ना पर 28 अप्रैल को उनकी पुरानी हाउसमेड की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। इस शिकायत के साथ कुछ वीडियो भी सामने आए, जिनमें प्रज्वल के मौजूद होने का दावा है।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में बुधवार 1 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना पर जो गंभीर आरोप लगे हैं, उनके बारे में आपको पता ही होगा। उन पर जो भी आरोप लगे हैं, वे शर्मनाक और देश को दहला देने वाले हैं।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन स्र की मंजूरी के बिना 223 नए पद बनाए गए हैं। आयोग के पास कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार नहीं है।

## खड़गे का मोदी को लेटर, मैनिफेस्टो पर डिबेट की चुनौती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लगातार दूसरे गुरुवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। खड़गे ने 2 मई को लिखे लेटर में पीएम मोदी को कांग्रेस और भाजपा के चुनावी मैनिफेस्टो पर डिबेट की चुनौती दी है। खड़गे ने लेटर में लिखा- आपने एनडीए के सभी उम्मीदवारों को पत्र लिखकर बताया है कि उन्हें वोटरों से क्या बात करनी है। चिट्ठी के लहजे से लगता है कि आपमें बहुत हताशा और चिंता है। यह आपको ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही है, जो प्रधानमंत्री पद को शोभा नहीं देती।

खड़गे ने तीन पन्नों के लेटर में कहा- चुनाव के बाद लोग आपको एक ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में याद करेंगे, जो हार से बचने के लिए झूठ से भरे सांप्रदायिक भाषण देते थे। बेहतर होगा कि नफरत भरे भाषण देने के बजाय आप पिछले दस सालों में अपनी सरकार के काम पर वोट मांगें। खड़गे ने आगे लिखा- वोटर्स इतने समझदार हैं कि कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में क्या लिखा है और किन गारंटी का वादा किया है, वह खुद पढ़ और समझ सकते हैं। हमारी गारंटी इतनी सरल और स्पष्ट है कि हमें उन्हें समझाने की जरूरत नहीं है।

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा-सीबीआई हमारे नियंत्रण में नहीं

## बंगाल में एक भी मामला सरकार ने दाखिल नहीं किया, सीबीआई ने केस रजिस्टर किए

**नई दिल्ली।** बंगाल में कई केसों की सीबीआई जांच पर दाखिल ममता सरकार की याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बंगाल सरकार ने याचिका में कहा कि कई मामलों में सीबीआई जांच कर रही है, वह भी बिना हमारी मंजूरी लिए। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (स्र) तुषार मेहता ने कहा बंगाल में एक भी केस केंद्र सरकार ने दाखिल नहीं किया है। सीबीआई ने केस रजिस्टर किए हैं।

इधर, बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि हमने अपने राज्य में केसों की सीबीआई जांच की मंजूरी वापस ले ली है। इसके बावजूद एजेंसी कई केसों की जांच कर रही है।

बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में संविधान के आर्टिकल 131 का हवाला देते हुए याचिका दाखिल की है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र का जिक्र है। इसके मुताबिक केंद्र और राज्यों के बीच के मामलों की सुनवाई सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में की जाती है।

बंगाल सरकार की दलील पर स्र तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता से कहा, संविधान का आर्टिकल 131 सुप्रीम कोर्ट के मिले सबसे पवित्र अधिकारों में से एक है। इसका गलत इस्तेमाल नहीं होने देना चाहिए। जिन केसों की बात बंगाल सरकार कर रही है, उसमें से एक भी केस केंद्र ने रजिस्टर नहीं किया।

दरअसल, राज्य से जुड़े किसी भी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की इन्क्वायरी के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होती है। बंगाल सरकार ने 16 नवंबर 2018 में जनरल कंसेंट वापस ले लिया था। उस समय चिटफंड घोटाले को लेकर ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था।

दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 2 के तहत सीबीआई सिर्फ केंद्र शासित प्रदेशों में सेक्शन 3 के तहत अपराधों पर खुद से जांच शुरू कर सकती है। राज्यों में जांच शुरू करने से पहले सीबीआई को सेक्शन 6 के तहत राज्य सरकार से इजाजत लेना जरूरी है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली केस की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

## बीजेपी ने दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से उतारा, क्षेत्र की सियासत में परिवार का दबदबा

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से दिनेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। दिनेश प्रताप सिंह के परिवार का दबदबा इस क्षेत्र में रहा है। दिनेश प्रताप सिंह साल 2018 में कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा के साथ गए थे। रायबरेली से गांधी परिवार के सदस्य चुनकर संसद पहुंचते रहे हैं। इस बार कांग्रेस के मन में रायबरेली को लेकर असमंजस की स्थिति है। 3 अप्रैल (कल) को रायबरेली सीट के लिए नामांकन का आखिरी दिन है, लेकिन अभी तक कांग्रेस ने इस सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।



रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ने से साफ मना कर दिया है। वह राजस्थान से राज्यसभा के जरिए संसद पहुंच गई हैं। कांग्रेस ने रायबरेली से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, लेकिन भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर इस चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। हम आपको भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के बारे में बताते हैं।

## झरोखा




## कहीं पर आसमान से बरसेगी आग तो कुछ राज्यों में होगी बारिश

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। लोग सूर्य देव के प्रकोप का सामना कर रहे हैं। इस बीच मौसम विभाग ने कई हिस्सों में भीषण लू का अलर्ट जारी किया। आईएमडी के अनुसार, बिहार, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में भीषण लू चल सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, सौराष्ट्र, कच्छा, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 4 मई तक लोगों को लू से राहत नहीं मिलेगी। वहीं, ओडिशा और उत्तरी कर्नाटक में 6 मई तक लू चलने की संभावना है। आईएमडी ने बताया, कई प्रदेशों में आने वाले दिनों में बारिश होगी। नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम और मेघालय में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में 2, 5 और 6 मई को भारी से बहुत भारी बारिश (115.5-204.4 मिमी) की भविष्यवाणी की है। स्काईमेट वेदर के अनुसार, 1 मई को दिल्ली में दिन का तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस तक गिरा जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस कम है। गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इस वर्ष मई महीने की शुरुआत पिछले साल की तरह ठंडी रही। बता दें पिछले कुछ दिनों के दौरान पहाड़ों में बारिश और बर्फभारी हो रही है। जिससे देश की राजधानी में मौसम आरामदायक बना हुआ है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक, अगले 3 से 4 दिनों में तापमान बढ़ेगा। इस हफ्ते के अंत तक दिन का तापमान अधिकतम 30 डिग्री और सुबह का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रह सकता है।

# कोवैक्सिन सुरक्षित, लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता थी : भारत बायोटेक

**नई दिल्ली।** कोरोना की वैक्सीन कोवीशील्ड पर उठ रहे सवालों के बीच कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा है कि हमारी वैक्सीन सुरक्षित है। इसे बनाते समय हमारी पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा थी और दूसरी प्राथमिकता वैक्सीन की गुणवत्ता थी। भारत बायोटेक ने सोशल मीडिया साइट ङ्ग पर एक पोस्ट में ये बातें कहीं।

कंपनी ने कहा कि कोवैक्सिन भारत सरकार के कोविड-19 वैक्सीन प्रोग्राम की इकलौती वैक्सीन थी, जिसके ट्रायल भारत में हुए थे। कंपनी के मुताबिक, लाइसेंस पाने की प्रक्रिया के तहत कोवैक्सिन का 27 हजार लोगों पर ट्रायल किया गया था। इसे क्लिनिकल ट्रायल मोड के तहत सीमित इस्तेमाल के लिए लाइसेंस दिया गया था, जहां हजारों लोगों पर इसका ट्रायल किया गया था।




दरअसल, कोवीशील्ड को लेकर विवाद चल रहा है कि इसे लगाने से कुछ केस में लोगों को थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी ञ्जञ्जस् हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। स्ट्रोक और हार्ट बीट थमने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कंपनी ने कहा कि कोवैक्सिन की सुरक्षा का मूल्यांकन देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया था। कोवैक्सिन बनाने से लगाने तक लगातार इसकी सेफ्टी मॉनिटरिंग की गई थी। कोवैक्सिन के ट्रायल से जुड़ी सभी स्टडीज और सेफ्टी फॉलो-अप एक्टिविटीज से कोवैक्सिन का बेहतरीन सेफ्टी रिकॉर्ड सामने आया है। अब तक कोवैक्सिन को लेकर ब्लड क्लॉटिंग, थ्रॉम्बोसाइटोपीनिया, पेरिकार्डिटिस, मायोकार्डिटिस जैसी तरह की बीमारी का कोई केस सामने नहीं आया है।

कंपनी ने कहा कि अनुभवी इनोवेटर्स और प्रोडक्ट डेवलपर्स के तौर पर भारत बायोटेक की टीम यह जानती थी कि कोरोना वैक्सीन का प्रभाव कुछ समय के लिए हो सकता है पर मरीज की सुरक्षा पर इसका असर जीवनभर रह सकता है। यही वजह है कि हमारी सभी वैक्सीन में सेफ्टी हमारा सबसे पहला फोकस रहती है।

पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ने देश में कोरोना की पहली वैक्सीन बनाई थी। इसे कोवीशील्ड नाम दिया गया। इसका फॉर्मूला ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन से लिया गया था। हाल ही में एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन के कोर्ट में माना है कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा।

ब्रिटिश मीडिया टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, एस्ट्राजेनेका पर आरोप है कि उनकी वैक्सीन से कई लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है।

ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बो साइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है।

# मोरवा विस्थापन को लेकर हाई लेवल मीटिंग संपन्न

## एनसीएल मुख्यालय बैढ़न तो वहीं विस्थापित कॉलोनी भलूगढ़, गोदवाली में होगी निर्मित

**9 फरवरी के उपरांत किये गये किसी भी प्रकार का निर्माण मुआवजा निर्धारण योग्य नही होगा**



**सिंगरौली।** सचिव कोल मंत्रालय भारत सरकार अमृत लाल मीणा एवं संयुक्त सचिव कोल मंत्रालय बी.पी पति, पीएम प्रसाद अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक कोल इंडिया, संजय खरे कार्यकारी निदेशक भू राजस्व के द्वारा व्हीसी के माध्यम से भारत सरकार द्वारा जयंत एवं दुद्धिचुआ विस्तारण परियोजना हेतु धारा 9 (1) के तहत दिनांक 9 फरवरी 2024 को अधिग्रहण की गई अधीसूचना के क्रियान्व एवं प्रगति की समीक्षा की गई।जिलास्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसडीएम सृजन बर्मा, सीएमडी एनसीएल बी.साई राम, निर्देशक कार्मिक एनसीएल मनीष कुमार, महाप्रबंधक नागरिकी एनसीएल ए.के सिंह, महा प्रबंधक भू राजस्व एनसीएल निरंजन जी, संयुक्त रूप से जुड़े रहे।

व्हीसी के प्रारंभ में एनसीएल के अध्यक्ष सह महाप्रबंधक निर्देशक बी. साई राम के द्वारा सचिव कोल मंत्रालय संयुक्त सचिव कोल मंत्रालय सहित व्हीसी में जुड़े हुये सभी अधिकारियो को बताया कि जयंत एवं दुद्धिचुआ विस्तारण परियोजना हेतु अधिग्रहण की गई भूमियो पर कार्य प्रगति पर है। जयंत सिंगरौली प्रोजेक्ट का विस्तारी करण किया जा रहा है। जिसके तहत एनसीएल हेडक्वाटर का हर्रई वैढ़न तथा मोरवा टाउनशिप का भालूगड़, गोदवाली में स्थानांतरण की कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्र का भौतिक सीमांकन ड्रोन के माध्यम से तथा परियोजना प्रभावित परिवार का सर्वे कराया जा चुका है। जो शीघ्र पोर्टल के माध्यम से सर्वजनिक सूचना के लिए परादर्शिता बनाये जाने हेतु पब्लिकेशन भी कराया जायेगा। उन्होनें बताया कि विस्थापित परिवारो को पुर्नवास के लिए निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार कार्यवाही की जायेगी तथा जिला प्रशासन के सहयोग से विस्थापित परिवारो को पुर्नवास कालोनी में प्लांट आवंटन आदि की कार्यवाही की जायेगी। वही व्हीसी के माध्यम से सचिव कोल मंत्रालय मीना के द्वारा इस आशय के निर्देश दिये गये कि जिला प्रशासन का सहायोग प्राप्त कर चरणबंद्ध तरीके से विस्थापित परिवारो को आवास हेतु प्लाट आवंटन एवं पुर्नवास कालोनी का समुचित विकास किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि भारत सरकार द्वारा जयंत एवं दुद्धिचुआ विस्तारण परियोजना हेतु अर्जन की गई भूमियो का धारा 9 (1) की कार्यवाही 9 फरवरी 2024 को की जा चुकी है एवं राजपंत्र में प्रकाशन भी हो चुका है। अर्जित की गई भूमियो के क्षेत्र का ड्रोन सर्वेक्षण शासकीय अनुमति उपरांत किया जा चुका है एवं परिसम्पत्तियो की वस्तुस्थिति दर्ज की जा चुकी है। अत: दिनांक 9 फरवरी 2024 के बाद उक्त भूमियो पर किसी भी प्रकार का किया गया निर्माण अवैध माना जायेगा। एवं इस प्रकार का कृत्य अवैधानिक एवं गैर कानूनी होगा। उन्होने सिंगरौली कलेक्टर से इस कार्य में सहयोग की आपेक्षा की। साथ ही यह भी कहा कि बिना बल प्रयोग किये नियम कानून का प्रयोग कर पारदर्शी तरीके से पुर्नवसित लोगो को उचित मुआवजा प्रदान कराये जाने में सहयोग प्रदान करे।

**कलेक्टर ने संबंधित क्षेत्र के आम जनो से की अपील**

व्हीसी के पश्चात कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विस्थापित हो रहे परिवारो एवं आम जन मानस से इस आशय की आपेक्षा गई की भारत सरकार द्वारा जयंत एवं दुद्धिचुआ विस्तारण हेतु मेड़ौली, चटका, झिगुरदा, पंजरेह एवं चुरीदाह ग्राम की जो भूमि अधिग्रहण की गई है एवं धारा 9 का प्रकाशन भी हो चुका है 9 फरवरी 2024 के बाद किसी भी प्रकार का उक्त भूमियो में अवैध निर्माण न करे क्योकि उक्त भूमियो तथा परसम्पत्तियो का ड्रोन सर्वे तथा जियो टैगिंग के माध्यम से डेटा पूर्व में ही तैयार किया जा चुका है। जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करे।

# गजरा बहरा कोल यार्ड की तानाशाही से परेशान क्षेत्रीय जनता

## उड़ रही कोयले की धूंल से जीना हुआ दुश्वार, कोल यार्ड प्रबंधन की घोर लापरवाही उजागर



**सिंगरौली।** जिले के सरई तहसील अंतर्गत ग्राम गजरा बहरा में कोल परिवहन कोयला डंपिंग के लिए कोल यार्ड बनाया गया है। लेकिन इस कोल यार्ड में सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते इस गर्मी के महीने में कोयले की धूल के चलते स्थानीय क्षेत्रीय जनता का जीना दुश्वार हो गया है। स्थानीय जनता कि इस परेशानी को कोल यार्ड प्रबंधन नजर अंदाज कर रहा है। प्रबंधन पूरी तरीके से तानाशाही रवैया अपना रहा है। इस गंभीर समस्या पर जिला प्रशासन भी मौन की स्थिति में नजर आ रहा है।

आलम यह है कि गजरा बहरा कोल यार्ड की डंपिंग एरिया में कोयला प्रचुर मात्रा में रखा जा रहा है इस चिन्हित स्थान पर और आसपास सड़क मार्ग के किनारे कोल यार्ड प्रबंधन के द्वारा पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। जबकि 24 घंटे कोयले का कार्य हो रहा है। सड़क मार्ग भी कोयले की कालिक से पटी हुई है। गर्मी और हवा के चलते यह कोयला जब उड़ता है तो आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों में पहुंच रहा है जिससे स्थानीय जनता का रहना मुश्किल हो चुका है। स्थानीय सूत्रों की बातों पर गौर करें तो इस कोयले की धूल के चलते लोगों को सांस लेने में भी काफी परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि कई बार कोल यार्ड प्रबंधन को शिकायत की गई है। इसके बावजूद प्रबंधन पूरी तरीके से दबंगई पर उतारू होकर प्रशासन को चुनौती दे रहा है। कहा जाता है कि गजरा बहरा में कोल परिवहन कोयला डंपिंग कोलियार्ड में कोयले की डस्ट इतनी खतरनाक विकराल रूप से उड़ती है। जिससे पूरा गजरा बहरा प्रभावित हो रहा है। कोयले की धूल के चलते जहां लोगों में बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है दूषित डस्ट से गर्मी के समय में लोग बाहर शाम के समय सोते हैं जहां सांस लेने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गजरा बहरा कोलयार्ड प्रबंधन का घोर लापरवाही समझने में आ रही है। जहां पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है। कोलयार्ड प्रबंधन अगर चाहे तो इस डस्ट को रोक सकता हैं लेकिन कहीं न कहीं अधिकारियो कर्मचारियों की मिलीभगत से यह अपनी दबंगई से कोयले की लोडिंग अनलोडिंग परिवहन कराते हैं। जहां गर्मियों के समय में डस्ट का उड़ना लोगों के लिए भारी नुकसानदायक है और ऐसी स्थिति में स्थानीय जनता ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने की मांग की है।

# बीआरसी ने बैंक शाखा प्रबंधकों को लिखा पत्र

## समूहों की अधिकारिता हुई प्रतिबंधित

**सिंगरौली।** सरकार द्वारा कक्षा पहली से लेकर आठवीं कक्षा मे अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए कई तरह से लाभान्वित करने हेतु योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना मध्यान भोजन भी सहायता समूह के माध्यम से देने हेतु निर्धारित किया है ताकि शासकीय विद्यालयों में संचालित स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सचिवों द्वारा आवश्यकता अनुसार समय-समय पर जारी की गई राशियों को आहरित कर विद्यार्थियों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराया जा सके लेकिन चितरंगी विकासखंड अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह हेतु एक पत्र जारी हुआ है। बताते चलें कि मामला जनपद शिक्षा केंद्र चितरंगी का है। जहां चितरंगी विकासखंड अंतर्गत संचालित समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों को बीआरसीसी के द्वारा एक पत्र का जारी किया गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि केवल अधोहस्ताक्षरी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के अनुमोदन उपरांत ही राशियों का भुगतान किया जाए जो समूह के स्वतंत्रता और एक अधिकार पर बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना मध्यान भोजन अंतर्गत समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला में छात्रों को स्व सहायता समूह के द्वारा मध्यान भोजन दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मध्यान भोजन संचालन पर कोई प्रभाव न पड़े,जिससे बच्चों को एमडीएम से वंचित न होना पड़े। इसके लिए राशि भुगतान की कार्यवाही बीआरसी कार्यालय के सत्यापन उपरांत ही कराने का पत्र जारी हुआ है। वही मध्य प्रदेश में सरकार ने महिलाओं के लिए समस्त तरह की सुविधा मुहैया कराई है लेकिन अब स्व सहायता समूह के खाते से राशि आहरित करने के लिए मामा की लाडली बहनों को बीआरसी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ेगा,जो कई तरह के बड़े-बड़े सवाल खड़ा करता है।

# अदाणी फाउंडेशन ने आंगनबाड़ी के नौनिहालों को प्रदान किया नि:शुल्क यूनिफॉर्म



**सिंगरौली।** अदाणी फाउंडेशन की ओर से सरई तहसील अन्तर्गत आदिवासी बहुल गांव जत्थाटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर बुनियादी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन से छह वर्ष तक के नामांकित बच्चों को नि:शुल्क यूनिफॉर्म बांटे गए। पोशाक लेते समय छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम (नर्स) एवं अभिभावकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अब प्रत्येक दिन विद्यालय में ये विद्यार्थी यूनिफॉर्म में पढ़ने आ पाएंगे। इस कड़ी में बच्चों की सुविधा के लिए अदाणी फाउंडेशन की तरफ से जहां आंगनबाड़ी केंद्र को नि:शुल्क थाली के सेट दिए गए वहीं जरूरतमंद स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी पहल की गयी। पहले इस आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़नेवाले बच्चों के भोजन के लिए थाली की कमी थी, लेकिन अब अदाणी फाउंडेशन की तरफ से जत्थाटोला गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में नि:शुल्क 30 थालियों के सेट दिए गए हैं। इससे बच्चों को अब गर्म खाना खाने में काफी सहूलियत होगी। अब तक अदाणी फाउंडेशन द्वारा धिरौली और सुलियारी परियोजना के आसपास के गांवों - बासी बेरदहा, अमरइखोह, आमडांड, बेलवार, मझौली पाठ, झलरी, फाटपानी एवं धिरौली स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे बच्चों के गर्म भोजन के लिए नि:शुल्क थाली का सेट वितरित किया जा चुका है। इसके साथ ही जत्थाटोला गांव में जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन की तरफ से विशेष पहल की गयी है। गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में 15 स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया। अब उन्हें आय बढ़ाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा कौशल विकास योजना के तहत कई तरह की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। गौरतबल है कि सरई तहसील अन्तर्गत झलरी, बजौड़ी, डोंगरी, अमरईखोह, बेलवार और धिरौली गांवों में जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सक्षम योजना के तहत अदाणी फाउंडेशन की तरफ से कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से झलरी और धिरौली गांव में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। स्थानीय युवाओं और महिलाओं में वित्तीय जिम्मेदारी और दीर्घकालिक योजना की मानसिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता के माध्यम से उनमें आर्थिक समझ का निर्माण किया जा रहा है।

# मजदूरों का हक छीन रही जेसीबी मशीन

## पलायन को मजबूर ग्रामीण, पंचायत एजेंसी मनरेगा अधिनियम की उड़ा रही धज्जियां



**सिंगरौली।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मिल सके जिसके लिए सरकार द्वारा रोजगार की गारंटी देते हुए कई तरह के काम कराए जा रहे हैं ताकि मजदूरों का भरण-पोषण आसानी से हो सके और पलायन को रोका जा सके। लेकिन एक अजीबो गरीब मामला आया है, जहां चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत लमसरई में लघु तालाब का निर्माण सरपंच के द्वारा बड़े ही दबंगई के साथ मनरेगा के कार्य में मजदूरों को काम पर न लगाकर जेसीबी मशीन से काम कराए जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। वही मजदूरों द्वारा कार्य की मांग किए जाने पर पंचायत एजेंसी द्वारा कार्य न दिए जाने का भी आरोप लगा है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि किस आधार पर भरी जाएगी मजदूरों की हाजिरी जहां सरकार रोजगार की गारंटी देती है। वहीं दिनभर जेसीबी मशीन से कार्य करा कर लाखो का हिसाब-किताब का सरपंच सचिव द्वारा कर कर दिया हैं। ताज्जुब की बात तो यह है कि सरकार मजदूरों को रोजगार देने के लिए प्रतिवर्ष अरबो,खरबो रुपए विकास कार्य के लिए देती है परंतु मनरेगा अधिनियम है इसके बावजूद भी बड़े ही पंचायत एजेंसी आसानी से आंख मीचौली का खेल खेलते हुए जमकर शासकीय पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं सरकार के मनसा पर किस तरह से पानी फेर रहे हैं कहीं ना कहीं एसडीओ,उपयंत्री की भूमिका संदिग्ध है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन 4 मई को

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने समस्त विभाग कार्यालय प्रमुखो से इस आशय की अपेक्षा करते हुये कहा है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली द्वारा 4 मई को न्यायालय परिसर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर भवन सिंगरौली मुख्यालय बैढ़न में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभाग के ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जो रक्तदान हेतु इच्छुक है उनके नाम की सूची रक्तदान के एक दिवस पूर्व तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेज सकते है।

# अवैध रेत परिवहन करते टिपर जब्त



**सिंगरौली।** नौडिहवा चौकी पुलिस ने तमई जगल चौकी/बैरियल के पास से अवैध रेत लोड टिपर वाहन को जब्त करते हुए खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, एएसपी एसके वर्मा के निर्देशन,एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन के मार्गदर्शन एवं गढ़वा थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल के सतत निगरानी में नौडिहवा चौकी प्रभारी उदय करिहार ने की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली की ग्राम तमई जंगल चौकी/बैरियल के पास एक टिपर वाहन रेत लोड बगदरा तरफ जाने के लिए खडा है। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने टिपर वाहन क्रमांक जीजे 05 यू 2268 के पास पहुंचकर वाहन चालक से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान चालक अपना नाम कुन्तेश विश्वकर्मा पिता शिवकुमार विश्वकर्मा निवासी गौरवा थाना हलिया जिला मिर्जापूर उत्तरप्रदेश होना बताया। चालक के पास टिपर में लोड रेत के संबंध में कोई वैध कागजात भी नही था। चालक सोन नदी के गढवा घाट से रेत लोड कर हलिया ले जाना बताया। जिसे पुलिस ने जब्त करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना मे लिया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नौडिहवा उदय चंद्र करिहार,सउनि रमेश प्रसाद,मदन प्रसाद तिवारी, प्रआर प्रमोद वैश्य,आर.पुष्पराज सिंह, राजेश मिश्रा,सहजानंद सिंह व आर.राजा की भूमिका रही।

# खनिक अभिनंदन दिवस 2024 के अवसर पर सम्मानित हुए उत्कृष्ट कोयला क्षेत्र, इकाईयों एवं कर्मी



**सिंगरौली।** एनसीएल में बुधवार को खनिक अभिनंदन दिवस- 2024 के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोयला क्षेत्रों, इकाईयों व कर्मियों को सम्मानित किया गया । इस दौरान सभी एनसीएल परियोजनाओं को विभिन्न मानकों पर दो श्रेणियों (ए और बी) में बांटा गया था । पहली श्रेणी में सालाना 15 मिलियन टन से अधिक तथा दूसरी श्रेणी में 15 मिलियन टन से कम कोयला उत्पादन करने वाले क्षेत्रों को रखा गया। सर्वाधिक कोयला उत्पादन के लिए ग्रुप ए में जयंत तथा ग्रुप बी में बीना और सर्वाधिक विभागीय अधिभार हटाव के लिए दूधीचुआ क्षेत्र (ग्रुप ए) एवं बीना क्षेत्र (ग्रुप बी) को सर्वश्रेष्ठ परियोजना के रूप में चुना गया । विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए व बी में जयंत व झिंगुरदा, विभागीय अधिभार हटाव में दूधीचुआ एवं झिंगुरदा तथा कोयला प्रेषण में जयंत एवं कृष्णशिला को सम्मानित किया गया। एचओई द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष अधिकतम अधिभार हटाव प्रतिशत के लिए अमलोरी से कलिंगा कॉमर्सियल व कृष्णशिला से केएनआईएल अग्रणी रहे । सर्वाधिक क्षमता उपयोगिता के लिए जयंत व ककरी, विगत वर्ष की तुलना मे कोयला स्टॉक की मात्रा में सर्वाधिक कमी के लिए अमलोरी व ककरी, कोयले के प्रतिशत ग्रेड की स्वीकृति के लिए निगाही व कृष्णशिला, सर्वाधिक विभागीय ओएमएस के लिए जयंत व ककरी, प्रति टन न्यूनतम लागत की श्रेणी में जयंत व कृष्णशिला, सर्वाधिक अनुमानित लाभप्रदता के लिए जयंत व कृष्णशिला चयनित हुए । पूर्व वर्ष की तुलना में डीजल खपत में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए निगाही व झिंगुरदा, न्यूनतम बिजली खपत में खड़िया व ककरी पुरस्कृत हुए ।

# नगर निगम का वाटर कूलर हो गए फेल

**कई जगह के हो गए खराब, मरम्मत कराने में छूट रहे पसीने**

**कलेक्ट्रेट में पानी के लिए परेशान हो रहे कर्मचारी व आम जनता**



**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम सिंगरौली के द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाए गए थे लेकिन इन वॉटर कुलरों की वर्तमान स्थिति देखें तो पूरी तरीके से मरम्मत के अभाव में बदहाल पड़े हुए हैं। जो सही भी है ठंडा पानी के जगह पर गर्म पानी निकल रहा हैं यही हाल कलेक्ट्रेट भवन का भी बना हुआ है जहां पानी के लिए अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

आलम यह है कि मैं महीने के प्रारंभिक दिनों में ही सिंगरौली जिले का टेंपरेचर 44 डिग्री के पार पहुंच रहा है जिले में गर्मी पूरे शबाब पर है सुबह 8:00 बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल हो रहा है दोपहर के समय तो स्थिति भयावह हो रही है । जिस तरीके से गुरुवार को सिंगरौली का टेंपरेचर 44 डिग्री पर पहुंचा तो ऐसा प्रतीत हुआ कि आसमान से आग बरस रही है। दोपहर में सड़के खाली नजर आ रही थी। रोजमर्रा पर निकलने वाले लोग अपनी-अपने काम निपटाकर इस गर्मी से बचने के लिए घरों में दुबके रहे। लेकिन जिनके जरूरी कार्य थे उन्हें मजबूर होकर इस बेतहाशा गर्मी में भी सड़कों पर निकलना पड़ा। गर्मी से बचने के लिए लोगों ने रुमाल गमछा का सहारा लेकर लू से अपने आप को बचाते नजर आए। इधर बता दे की इन दोनों गर्मी पूरी तरीके से अपने सबाव पर है। इसके बावजूद नगर निगम सिंगरौली के द्वारा गर्मी में ठंडा पानी पिलाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए वाटर कूलर के मरम्मत को लेकर गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है। सूत्र बताते हैं कि जिला मुख्यालय बैढ़न के कई ऐसे चिन्हित सार्वजनिक स्थल है जहां वाटर कूलर बदहाल हालत में पड़े हुए हैं। इसके बावजूद नगर निगम सिंगरौली के जिम्मेदार अधिकारियों ने समय पर मरम्मती करण नहीं कराया। जिसके चलते आम जनता पानी के लिए परेशान हाल है। ठंडा पानी पीने के लिए मजबूरन पैसे खर्च करने पर है। इस गंभीर समस्या की ओर नगर निगम के कमिश्नर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल वाटर कूलर चुस्त दुरुस्त कराए जाने की पूर जोर मांग की गई है।

**बदहाल पड़े हैं वाटर कूलर**

सिंगरौली जिले के विभिन्न इलाकों में लगाए गए नगर निगम के वाटर कूलर धूल फांक रहे हैं। बताया जाता है कि वाटर कूलर से पानी नहीं निकल रहा है। बस स्टैंड मल्हार पार्क के सामने वाटर एटीएम बना है जो शो पीस साबित हो रहा है। इसी तरह जिला अस्पताल का वाटर कूलर घी गर्म पानी दे रहा है। मजदूर सहित अस्पताल आए इलाज करवाने मरीज को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है।जिला प्रशासन सहित नगर निगम इलाके में नहीं उपलब्ध करवा पा रहा है ठंडा जल।

**कलेक्ट्रेट में भी पानी की किल्लत**

बताया जाता है कि कलेक्ट्रेट भवन में भी वाटर कूलर लगाया गया है लेकिन वाटर कूलर ठंडा पानी नहीं दे रहा है गर्म पानी निकलने के चलते लोगों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। जबकि कलेक्ट्रेट भवन में प्रतिदिन जिले भर की जनता अपनी अपनी समस्याओं को लेकर साथ ही जरूरी कार्य के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचती है। लेकिन कलेक्ट्रेट में प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी तक नसीब नहीं है। बीते बुधवार को इस तरह का नजारा कलेक्ट्रेट में देखने को मिला है जहां कई लोग वाटर कूलर के पास पानी पीने जाते थे लेकिन गर्म पानी निकलने की वजह से लोग वापस लौट आते थे। ठंडा पानी न मिलने की वजह से कलेक्ट्रेट के कर्मचारी भी काफी परेशान दिखाई दिए।

## संपादकीय

### रेवन्ना के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत

सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति का आचरण बहुत मायने रखता है। मगर विचित्र है कि बहुत सारे राजनेता इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझते। कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन पर करीब तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने, उन्हें धमकाने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। उनके दुराचार के वीडियो सार्वजनिक हुए और मामला तूल पकड़ने लगा तो उसकी जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित कर दिया। जांच दल का गठन होते ही रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गए। बताया जा रहा है कि वे यहां से सीधे जर्मनी गए और वहां से यूरोप के किसी देश में छिप गए हैं। इस बार रेवन्ना भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़े थे। इसलिए विपक्षी दलों ने न केवल जद (सेकु), बल्कि भाजपा और प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधना शुरू कर दिया है। इस राजनीतिक विवाद के बीच जद (सेकु) की कोर समिति ने रेवन्ना को पार्टी से निलंबित कर दिया है। मगर लगता नहीं कि इतने भर से जद (सेकु) और भाजपा को कोई राहत मिलने वाली है, क्योंकि रेवन्ना पर लगे आरोप बहुत गंभीर और महिलाओं के सम्मान से जुड़े हैं। हालांकि रेवन्ना ने सार्वजनिक हुए सारे वीडियो को फर्जी और साजिश के तहत तैयार किया बताया है। बताया जा रहा है कि चुनाव से कुछ दिनों पहले ये वीडियो पेन ड्राइव में भर कर बड़ी तेजी से लोगों के बीच फैलाए जाने लगे। मगर मामले पर कानूनी कार्रवाई के लिए कदम तब उठाया गया जब रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक अधेड़ सहायिका ने उसके और उसके पिता के खिलाफ आरोप लगाया। प्रज्वल रेवन्ना के पिता भी जद (सेकु) से विधायक हैं।

# सामाजिक न्याय के आंदोलन से उपजे नेताओं ने कभी पिछड़े वर्ग का ध्यान नहीं रखा

(नीरज कुमार दुबे)

मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी।

लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से संविधान और आरक्षण बचाने की दुहाई दी जा रही है तो सरकार का कहना है कि वह संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के लिए चट्टान बन कर खड़ी रही है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। देखा जाये तो इस बार के आम चुनाव में प्रचार में मुद्दे तो कई उठ रहे हैं लेकिन जनता के असल मुद्दे परिदृश्य से गायब होते जा रहे हैं। गरीबों की बात सभी दल कर रहे हैं। गरीब यह देख कर खुश हैं कि उन्हें बहुत याद किया जा रहा है लेकिन वह यह बात जानते हैं कि मतदान के बाद उनकी सुध लेने कोई नहीं आयेगा। सभी दल सामाजिक न्याय की बात भी कर रहे हैं लेकिन वास्तविक सामाजिक न्याय तभी होगा जब सबका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। इसके अलावा शिक्षा को सस्ता कर सबके लिए सुलभ बनाया जायेगा।

सामाजिक न्याय की मांग सबसे पहले बिहार से उठी थी। यह मांग उठायी थी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के राजनीतिक सफर की बात करें तो आपको बता दें कि बिहार के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के भागलपुर से अलग होने के बाद, मंडल ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के टिकट पर 1967 का लोकसभा चुनाव जीता था। वह 1968 में थोड़े समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। मंडल यादव समुदाय से थे और उन्हें दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। 1978-80 के दौरान वह मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बने, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में कोटा की सिफारिश की थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट को 1990 में वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद



बिहार और उत्तर प्रदेश में कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ था जोकि आज तक राजनीतिक परिदृश्य में काफी महत्व रखते हैं।

मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी। यहां पर मुरहो गांव के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का स्मारक है। मंडल स्मारक से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर मुसहर टोले के एक कोने में, एक मिट्टी की झोपड़ी है, जहां क्षेत्र के पहले संसद सदस्य किराई मुसहर के पोते रहते हैं। यह बातें हम आपको इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की ओर से जाति जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तो बहुत की गयी लेकिन पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं मंडल के विचारों को भी इन दलों की ओर से दरकिनार कर दिया गया है।

देखा जाये तो देश की सामाजिक न्याय की राजनीति के अग्रदूत, मंडल की विचारधारा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार सहित कई समाजवादी नेताओं को जन्म दिया। लेकिन इन दलों ने मंडल को भुला दिया। आज मंडल का पैतृक घर और उनके नाम पर स्मारक मुरहो गांव में उपेक्षा के शिकार दिखते हैं। इस गांव के लोगों का कहना है कि लालू और नीतीश ने सामाजिक न्याय आंदोलन को कमजोर कर दिया क्योंकि दोनों ने अपनी-अपनी जातियों को बढ़ावा दिया और दलितों को कुछ नहीं दिया इसीलिए वह अब भी गरीब बने हुए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि महादलितों की हालत और इस गांव की हालत देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामाजिक न्याय के मुद्दे पर राजनीति करने वालों ने देश और समाज को कुछ नहीं दिया।

हम आपको बता दें कि यादवों के प्रभुत्व वाले निर्वाचन क्षेत्र मधेपुरा में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान हो रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि मुरहो गांव से शुरू हुए सामाजिक न्याय के गौरवशाली आंदोलन से जुड़ी यादें जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। उल्लेखनीय है कि मुरहो गांव यादव बहुल है और इसके अन्य समुदायों में कुर्मी और पचपनिया जैसे कुछ अन्य ओबीसी समूहों के साथ-साथ महादलित भी शामिल हैं। यहां के लोग इस गांव का भाग्य बदलने की उम्मीद छोड़ चुके हैं।

गांव के युवक कहते हैं कि बीएड की डिग्री ली, आईटीआई का प्रमाणपत्र लिया लेकिन कोई नौकरी नहीं मिली। अधिकांश युवक स्कूली बच्चों को खुले में ट्यूशन पढ़ा कर अपना काम चलाते हैं। बेरोजगारी की स्थिति को लेकर युवकों की नाराजगी हर दल से है। युवकों का कहना है कि कोई भी वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं कर रहा है। असली मुद्दा बेरोजगारी है। युवकों का कहना है कि बड़ी डिग्री लेने के बावजूद चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन किया है लेकिन एक साल से परीक्षा ही आयोजित नहीं की जा रही है। युवकों का कहना है कि परीक्षा आयोजित भी हो तो पेपर लीक हो जाता है जिससे बड़ा नुकसान होता है। गांव वालों की शिकायत है कि यहां की सुध लेने के लिए कोई राजनेता नहीं आता है। लोगों का कहना है कि हर घर जल योजना के तहत आ रहा पानी अच्छी गुणवत्ता का नहीं है। लोगों का कहना है कि नल तो हैं लेकिन गांव में नालियां नहीं हैं जिससे गंदगी का अंबार लगा रहता है।

हम आपको बता दें कि मधेपुरा में 2019 के लोकसभा चुनावों में जेडीयू के दिनेश चंद्र यादव ने राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले शरद यादव को 3 लाख से अधिक वोटों से हराया था। इस बार, मौजूदा सांसद दिनेश का मुकाबला राजद के चंद्रदीप यादव से है, जो शिक्षाविद् और पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार रवि के बेटे हैं। माना जा रहा है कि इस बार क्षेत्र में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

# समाजवादी वैचारिकी के पर्याय मधु लिमये का जीवन वृत्त

( मणेन्द्र मिश्रा)

पचास के दशक में जब डॉ राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया।उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया।जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये,अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाये गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है।जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था।

इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गयी।जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया।इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है। मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे।प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी।जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन मे ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई। भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया,बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे।

इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी हैं। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए।संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था।संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों- मजलूमों के आवाज थे।उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था।उनका हमेशा



प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिये मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा,राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे।उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है,उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए।

तभी नेताओं की कही गयी बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारम्भ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अन्तर्सम्बन्धों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और सम्पूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही।उन्होंने जनता पार्टी की सरकार में शामिल विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की दोहरी पार्टी सदस्यता का कड़ा विरोध किया एवं इसके स्थान पर इकहरी सदस्यता की वकालत की।आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जुलाई 1975 से फरवरी 1977 तक वे मध्यप्रदेश के विभिन्न जेलों में रहे।इसके विरोध में उन्होंने पांचवें लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मधु लिमये ने विचार की राजनीति करने वाले नौजवानों की

एक लंबी फेहरिश्त तैयार किया।वो नौजवानों को हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति के लिए प्रेरित करते रहते थे।घर पर आए अतिथियों को चाय अपने हाथों से ही पिलाते थे। पुराने सम्बंधो का वे बखूबी ख्याल रखते थे। लोहिया के निधन के बाद उनके घरेलू सहयोगी रहे शोभन का उन्होंने विशेष ख्याल रखा। समसामयिक मुद्दों पर पत्राचार करना उन्हें बेहद पसंद था। वे आजीवन अपने सिद्धांतों से समझौता नही किये और जैसे ही लगा कि राजनीति में सत्ता पर काबिज रहने की संस्कृति बलवती हो गयी है, सक्रिय राजनीति को छोड़ने में थोड़ा भी विलम्ब नही किये। प्रमुख राजनीतिक व्यक्तियों के विषय मे उन्होंने समग्रता से गंभीर लेख लिखा है,जो नई पीढ़ी के लिए अमूल्य दस्तावेज की तरह हैं। आज की राजनीति में उनको याद करते हुए हम सभी को बेपटरी होती राजनीति को सैद्धान्तिक बनाने में हस्तक्षेप करना चाहिए,यहीं उस महामानव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। (लेखक मशाल यश भारती सम्मानित, संस्थापक समाजवादी अध्ययन केंद्र)।

## वर्ग पहेली 5358

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | | ■ | 11 | | |
| | ■ | ■ | ■ | 12 | | ■ | ■ |
| 13 | 14 | ■ | ■ | 15 | | 16 | 17 |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| 21 | | | ■ | ■ | 22 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस देश में फूल, रूमाल घड़ी आदि तोहफे देना गलत माना जाता है (2)
3. तमसा के तट पर इस महर्षि का आश्रम था, प्रख्यात ग्रंथ रामायण इन्हीं की कृति है (3)
6. विवाह तय होने के बाद वर को फल, रूपए देने आदि की रस्म (4)
8. शोध करने वाला (3)
10. मात्रा, तौल (4)
11. दौड़ने वाले को अंग्रेजी में यह कहत है (3)
12. कोन, रेखिक, मापी, खूंटा (2)
13. अध्ययन करने की क्रिया (2)
15. जयशंकर प्रसाद की प्रबंध काव्य (4)
18. दौड़पथ, धावनपथ (3)
20. कर या टैक्स देने वाला (4)
21. कार्यपूर्ति का माध्यम, उपकरण, जरिया (3)
22. भू पटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मुख्यमंत्री को अंग्रेजी में यह कहत है (6)
2. शरीर की लंबी हड्डी को यह कहते है (3)
3. कपि, वानर (3)
4. इस प्रसिद्ध पार्श्व गायक की बतौर संगीतकार पहली फिल्म झुमरू 1961 थी (6)
5. राजस्थान का एक शहर जो लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष (दिवंगत) बलराम जाखड़ का संसदीय क्षेत्र रहा है (3)
7. पिता का पिता, बाबा (2)
9. गणित के जोड़ का चिन्ह, रूपया-पैसा (2)
12. शंका करने वाला, शंकालु (4)
14. विश्वविद्यालय या महाविद्यालय का संकायध्यक्ष का मुख्य आचार्य (2)
16. जब-तब, कभी-कभी (4)
17. आनीत, नीत (2)
19. पगार, तनख्वाह (3)

### वर्ग पहेली 5357 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | ■ | अ | मे | ज | न |
| ज | ल | ज | ■ | ट | ह | ल | ■ |
| ■ | र | फ | हु | क | ■ | वा | क |
| सा | ■ | ■ | नि | ल | य | ■ | मा |
| ह | म | सा | या | ■ | म | ह | ल |
| सि | ल | ■ | द | ■ | द्वि | ज | ■ |
| क | मा | ई | ■ | य | ती | म | ■ |
| ■ | स | ■ | न | दि | या | ■ | ■ |

# करीबी रिश्तेदारों' का दायरा बढ़ाए सरकार ! देश में मुश्किल हुआ ऑर्गन डोनेशन

(राजेश चौधरी)

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में हाल ही में कहा कि अपने भाई को किडनी डोनेट करना हो तो महिला के लिए पति की इजाजत लेना जरूरी नहीं है। दरअसल, अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में कहा था कि किडनी डोनेट करने से पहले महिला को पति से एनओसी लेना होगा।

**अस्पतालों का रुख** - किडनी या अन्य अंग डोनेट करने को लेकर कानूनी प्रावधान बने हुए हैं। लेकिन जब कोई महिला अपने भाई या बहन को अंग डोनेट करना चाहती है तो अस्पताल प्रशासन उसे अपने लाइफ पार्टनर से अनुमति लेने को कहता है। दिलचस्प है कि जब महिला अपने पति को ऑर्गन डोनेट करती है, तब कोई सवाल नहीं उठता। सवाल तभी उठता है जब महिला अपने ब्लड रिलेशन वाली फैमिली में ऑर्गन डोनेट करना चाहती है। इस लिहाज से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला काफी अहम माना जा रहा है।

**नियम क्या है** - ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एंड टिसू एक्ट 1994 के तहत ऑर्गन डोनेशन के लिए नियम तय किए गए हैं। इस कानून की धारा-9 नजदीकी रिश्तेदार द्वारा लिवर डोनेशन की इजाजत देती है। नजदीकी रिश्तेदारों में पति, पत्नी के अलावा बेटा, बेटी, पिता, माता, भाई, बहन, दादा, दादी, पोता और पोती को रखा गया है। यानी ये सब एक-दूसरे को लिवर डोनेट कर सकते हैं। इस कैटिगरी में कजन को नहीं रखा गया है।

**बदलते सामाजिक हालात** - मौजूदा दौर में सिंगल पैरेंटिंग के काफी मामले दिखते हैं। बहुत से कपल सिर्फ एक बच्चा पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में पैदा होने और पलने-बढ़ने वाले बच्चे को अगर किसी विशेष परिस्थिति में किसी ऑर्गन की जरूरत पड़ जाए तो उसके लिए संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। क्योंकि ऐसे बच्चों को न भाई होते हैं और न बहन। जो नियम है उसमें कजन को ऑर्गन देने या लेने की इजाजत नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला** - पिछले साल ऐसा एक मामला आने पर सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल के कजन के लिए लिवर डोनेट करने की इजाजत दी थी। तीन साल के बच्चे की जिंदगी बचाने और कानून के शब्दों पर सख्ती से अमल करने के बीच कोई एक विकल्प चुनना था और कोर्ट ने जिंदगी बचाने का विकल्प चुना। उस मामले में 31 साल के डोनर और उसके 3 साल के कजन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर लिवर ट्रांसप्लांटेशन की इजाजत मांगी गई थी।

**स्नेह का आधार** - इसी तरह 12 साल पहले दिल्ली हाई कोर्ट में एक ऐसा मामला सामने आया था, जब किडनी लेने और देने वालों के बीच कोई रिश्ता नहीं था। 2012 के उस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महिला की अर्जी का निपटारा करते हुए कहा था कि प्यार और स्नेह के आधार पर किडनी डोनेशन किया जा सकता है। स्नेह और प्यार सिर्फ नजदीकी रिश्तेदारों से हो, यह जरूरी नहीं। कई बार यह दूर के रिश्तेदार से भी मिल सकता है। जो रिश्तेदार नहीं हैं उनसे भी स्नेह मिल सकता है।

**ऑर्गन बैंक भी नहीं** - ऑर्गन ट्रांसप्लांट इन इंडिया विषय पर रिसर्च कर चुकी अंजू वली टिक्कू का मानना है कि देश भर में हर साल एक लाख लोगों को किडनी की जरूरत पड़ती है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज चुनौतीपूर्ण दिन रहेगा। मकर राशि का चन्द्रमा आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थ ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई मुकाबला नहीं होगा। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

### वृषभ

आज राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपको आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके सायंकाल कुछ समय परिवार के साथ बिताएं।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध एकादश विजय विभूति भाव में सूर्य के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा।

### कर्क

आज आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे, इससे आगे आने वाले अवसरों में वृद्धि होगी।

### सिंह

आज सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

### कन्या

आज राशि का स्वामी बुध अपने के घर सप्तम प्रमुख केन्द्र जाया भाव घर में संचार कर रहे हैं। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### तुला

आज अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशान्ति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी।

### वृश्चिक

आज कोई महत्वपूर्ण बिजनेस डील आपके पक्ष में फाइनल हो सकती है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए, तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

### धनु

आज राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन-धान्य की वृद्धि। करीबी मित्रों से धन का लाभ, निरोगता शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी। रात्रि में शुभ व्यय मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

### मकर

आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सायंकाल के समय स्वास्थ्य कुछ ढीला हो सकता है, ध्यान रखें।

### कुंभ

आज कहीं से कमाया हुआ धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से भाई बंधुओं से चला आ रहा विवाद सुलझ जाएगा।

### मीन

आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारी रहेगा।



# टी20 वर्ल्ड कप में सेलेक्ट होते ही धराशायी ये भारतीय खिलाडी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान 30 अप्रैल को हुआ. इसमें 15 सदस्य चुने गए. टीम सेलेक्शन के बाद से आईपीएल के 2 मुकाबले हो चुके हैं, लेकिन इन मैचों में वर्ल्ड कप के लिए चुने गए कुछ खिलाडियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा.

इस लिस्ट में टी-20 वर्ल्ड कप के कप्तान रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या तक शामिल हैं. मसलन 30 अप्रैल की बात करें, जिस दिन भारतीय टीम की घोषणा हुई. उस दिन लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस का मैच था. इस मैच को लखनऊ ने 4 विकेट से 4 गेंदें शेष रहते अपने नाम किया. मैच में पहले खेलते हुए मुंबई ने 144 रनों का स्कोर खड़ा किया था. इस मैच में मुंबई की टीम से वर्ल्ड कप टीम में शामिल रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह हिस्सा थे.

रोहित इस मैच में महज 5 गेंदों पर 4 रन बनाकर मोहसिन खान की गेंद पर आउट हो गए. वहीं, सूर्यकुमार भी 6 गेंदों पर 10 रन जड़ने के बाद स्टोइनिस की गेंद पर आउट हो गए. हार्दिक पंड्या का तो क्या ही कहना, वह तो इस मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए. जसप्रीत बुमराह को विकेट नहीं मिला, पर उन्होंने अपने 4 ओवर्स में महज 17 रन दिए. लखनऊ सुपर जायंट्स से कोई भी खिलाड़ी टीम इंडिया में सेलेक्ट नहीं हुआ है. अब बात करते हैं 1 मई को चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबले की.

इस मैच में टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल चेन्नई की ओर शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा तो पंजाब किंग्स से अर्शदीप सिंह शामिल थे. ये तीनों ही इस मैच में फ्लॉप हुए. शिवम दुबे जहां इस मैच में 0 पर आउट हुए तो रवींद्र जडेजा भी महज 4 गेंदों पर 2 रन बनाकर आउट हुए. जबकि इस मैच में खेलने उतरे अर्शदीप सिंह की जमकर धुनाई हुई, उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर्स में 52 रन दिए और 1 विकेट हासिल किया.

**IPL 2024**

# दीपक चाहर की चोट पर सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दिया अपडेट



**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट के बारे में अपडेट दिया और कहा कि 31 वर्षीय खिलाड़ी अच्छे नहीं दिखते। बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले के दौरान चाहर गेंदबाजी करते समय चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

उन्हें दूसरी पारी का पहला ओवर दिया गया। दूसरी डिलीवरी के तुरंत बाद सीएसके के गेंदबाज ने कप्तान रुतुताज गायकवाड़ से बात की और अपने स्पेल में सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। चाहर के स्पेल की बाकी चार गेंदें पूरी करने के लिए शार्दुल ठाकुर को बुलाया गया।

मैच के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि चाहर की चोट बहुत अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सीएसके टीम प्रबंधन अधिक सकारात्मक रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि तुषार देशपांडे इस समय फ्लू से पीड़ित हैं जिसके कारण उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया है।

फ्लेमिंग ने कहा, दीपक चाहर अच्छे नहीं दिखते। शुरुआती अहसास अच्छा नहीं था। इसलिए हम और सकारात्मक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फिजियो और डॉक्टर देखेंगे। श्रीलंकाई लड़के वीजा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी प्रक्रिया ठीक रहेगी। हम उन्हें उत्तर में (धर्मशाला में) अपने अगले मैच के लिए वापस ले आए। रिचर्ड ग्लीसन अच्छे थे, तुषार देशपांडे को फ्लू हो गया था, इसलिए हमें आज कुछ बदलाव करने पड़े, जो थोड़ा असामान्य है यह इसका हिस्सा है और हमारे पास संसाधन हैं।

यह सिर्फ इतना है कि उन्हें अपनी भूमिकाओं के बारे में सहज होने का समय नहीं मिला है और हमें उस गेम प्लान के साथ सहज होने का समय नहीं मिला है जिसके साथ हम संघर्ष कर रहे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025...भारत सभी मैच लाहौर में खेल सकता है

## टीम की सिक्योरिटी के कारण सुझाव, तीन वेन्यू पर हो सकता है टूर्नामेंट



**कराची, एजेंसी।** क्रिकइंफो के मुताबिक पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच तीन शहरों (कराची, लाहौर और रावलपिंडी) में करा सकता है। इसमें से भारत के सभी मैच लाहौर में हो सकते हैं, ताकि टीम की सिक्योरिटी का मैनेजमेंट सही तरीके से हो सके। इसका एक और कारण यह है कि लाहौर भारत के वाघा बॉर्डर से नजदीक है।

पीसीबी के सूत्रों के मुताबिक आईसीसी महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था, जहां उन्होंने पीसीबी के अधिकारियों के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के इंतजामों को लेकर चर्चा की थी और यह सुझाव दिया था कि भारतीय टीम को कम ट्रैवल कराया जाए।

### 1996 के बाद टीम को पहली बार मिली मेजबानी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीसीबी ने टूर्नामेंट के वेन्यू का ड्राफ्ट आईसीसी को सौंप दिया है। टूर्नामेंट के आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। वनडे वर्ल्ड कप 1996 के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान को किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी दी गई है।

### हम लगातार आईसीसी के संपर्क में बने हुए- नकवी

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने लाहौर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान में होने वाले मैचों का शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी की सिक्योरिटी टीम आई थी और हमारी बहुत अच्छी मीटिंग हुई। हम लगातार आईसीसी के संपर्क में बने हुए हैं। हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि हम अच्छा टूर्नामेंट होस्ट करें।

### टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर संशय

पिछले महीने एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि (आईसीसी) इसे एशिया कप की तरह 'हाइब्रिड मॉडल' पर करा सकता है। आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने PTI से कहा था, यदि भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजना नहीं चाहती तो, आईसीसी वहां के बोर्ड पर दबाव नहीं बना सकती है। उसे विकल्प तलाशना होगा। भारत के कहने पर एशिया कप के मैच श्रीलंका में हुए थे।

पिछले साल भी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत के वहां नहीं जाने पर यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी।

### टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेंगी

पिछला चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में इंग्लैंड और वेल्स में खेला गया था। इसके फाइनल में भारत को हराकर पाकिस्तान चैंपियन बना था। टूर्नामेंट का शेड्यूल अभी नहीं आया है। माना जा रहा है, आईसीसी के वेन्यू के निरीक्षण करने के बाद फाइनल शेड्यूल आ सकता है। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेंगी और इसके दो हफ्ते तक चलने की उम्मीद है।

**एफआईएच प्रो लीग**

# सविता की बजाय सलीमा टेटे को मिली महिला हॉकी टीम की कप्तानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

### भारतीय महिला टीम :

गोलकीपर-सविता, बिछू देवी खारीबाम

डिफेंडर- निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

मिडफील्डर- सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड** – मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

**संक्षिप्त समाचार**

# रिंकू सिंह के पिता ने कहा, बहुत उम्मीदें थीं, उसका दिल टूट गया है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की टी20 विश्व कप टीम से रिंकू सिंह को बाहर किए जाने पर उनके पिता खानचंद्र सिंह ने कहा कि परिवार में मिठाइयां और पटाखे तैयार थे क्योंकि बहुत उम्मीदें थीं। बीसीसीआई ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मुख्य टीम में रिंकू शामिल नहीं थे क्योंकि उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, उनके पिता ने भारत 24 के हवाले से कहा,बहुत उम्मीदें थीं और इसलिए थोड़ी निराशा है।

हम जश्न मनाने के लिए मिठाइयाँ, पटाखे लाए, हमने सोचा कि रिंकू पहले ग्यारह में खेलेंगे। फिर भी , हम बहुत खुश थे। हां, उसका दिल टूट गया है। उसने अपनी मां से बात की और उन्हें बताया कि उसे 11 या 15 में नहीं चुना गया है। लेकिन उसने यह भी कहा कि वह टीम के साथ यात्रा करेगा। रिंकू ने 15 टी-20 मैच खेले हैं और 176.24 के स्ट्राइक रेट और 89.0 के औसत के साथ 69 के उच्चतम स्कोर के साथ 356 रन बनाए हैं।



# आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, के आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है।

मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया, मंयक यादव के पूरी तरह ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है। बुधवार को उनका स्कैन किया गया है लेकिन रिपोर्ट आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने मयंक यादव को कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है।

एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है।

कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक बार फिर उसी जगह पर दर्द है। उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि मयंक एमआई के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं थे, लेकिन तीन सप्ताह में पांच मैच मिस करने के बाद प्लेइंग-11 में लौट आए क्योंकि कप्तान केएल राहुल उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे। मंगलवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 3.1 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट के आंकड़े पर चोट के कारण उन्होंने मैदान छोड़ दिया। एलएसजी टूर्नामेंट का अपना आखिरी लीग मैच 17 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा।

# चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे, पदक पक्का



**अस्ताना, एजेंसी।** भारतीय युवा मुक्केबाज आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में आत्मविश्वास से भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का कर लिया।

आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराव शकरबॉय के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ भारत को बेहतरीन शुरुआत दी। उनकी जीत के बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने जीत हासिल की, जिन्होंने ईरान के मिरहमादी बाबाहेदरी पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमशः चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस बीच, जतिन ने 57 किग्रा वर्ग में अपना अभियान उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 से हार के साथ समाप्त किया। यूथ सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) अपने-अपने युवा क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आज उतरेंगे। मंगलवार देर रात जुगनू (86 किग्रा), तम्मना (50 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) ने जीत हासिल कर अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार को आठ अंडर-22 मुक्केबाज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा) और ध्रुव सिंह। पुरुष वर्ग में (80 किग्रा) जबकि महिला वर्ग में गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) अपनी चुनौती रखेंगी। यूथ और अंडर-22 वर्ग का फाइनल क्रमशः 6 और 7 मई को खेला जाएगा।

# साद बिन जफर पहली बार कनाडा की टी20 विश्व कप टीम की कप्तानी करेंगे



**ओंटारियो, एजेंसी।** कनाडा ने वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर साद बिन जफर को कप्तान बनाया गया है। जफर पहली बार टी20 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करेंगे। टीम को पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतर्राष्ट्रीय पुबुदु दस्सानायके द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने 2022 में बागडोर संभाली थी।

कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है। वे 1 जून को डलास में पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, इसके बाद उत्तरी अमेरिकी देश को 7 जून को आयरलैंड का सामना करना है। इसके बाद 11 जून को पाकिस्तान और 15 जून को भारत के खिलाफ उनका मुकाबला होगा।

# एनडीआरएफ ने प्राकृतिक आपदा भूकंप पर जिला प्रशासन के सहयोग से किया मॉकड्रिल

## टाउन हॉल में आपदा प्रबंधन की बारीकियां बताईं



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आज आपदा प्रबंधन और राहत बचाव कार्य पर आधारित एक मॉक अभ्यास का आयोजन जिला मुख्यालय पन्ना के श्री जगन्नाथ स्वामी टाउन हॉल ऑडिटोरियम प्रांगण में किया गया। इस मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन और एसडीईआरएफ, फायर विभाग, जिला पुलिस, होम गार्ड, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा बैठक कर मॉक अभ्यास की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की गई, जबकि द्वितीय चरण में मॉक अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान 7.1 तीव्रता के भूकंप से ऑडिटोरियम हाल के आंशिक रूप से गिर जाने का काल्पनिक दृश्य रखा गया, जिसमें दस से पंद्रह लोगों के दबे होने की सूचना देकर सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम एवं अन्य एजेंसियों को बुलाया गया। इसमें गिरे हुए भवन के भीतर पहुंच बनाने तथा लोगों को निकालने के लिए दीवार एवं क्षत को काटा गया। फिर मेडिकल टीम ने घायलों को स्थिरता प्रदान करते हुए बाहर निकाला। इसी दौरान कुछ व्यक्ति बिल्डिंग की ऊपर वाली मंजिल पर फंस गए, जिनको एनडीआरएफ ने रोप रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतारा। सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल एवं समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया। इसमें 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ के प्रभारी एवं उप कमांडेंट अनिल कुमार पाल उपस्थित रहे। साथ ही अग्निशमन विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमों द्वारा मॉक का संयुक्त अभ्यास किया गया। उप कमांडेंट श्री पाल ने बताया कि इस मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा में घायल और चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी एजेंसियों का रिस्पॉंस चेक करना व सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। मॉक अभ्यास में 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आयी एनडीआरएफ की 26 सदस्यीय टीम का नेतृत्व निरीक्षक पारसराम जाखड़ एवं सहायक उप निरीक्षक रंजन जायसवाल ने किया। इस अभ्यास के दौरान जिला पंचायत सीईओ संघप्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम संजय नागवंशी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, डिप्टी कलेक्टर आलोक मार्को एवं समीक्षा जैन, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे।

# अब 20 मई तक होगी गेहूं खरीदी

**जिले के 53 केन्द्रों पर उपार्जन कार्य सतत जारी**

**पन्ना।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले में गत 29 मार्च से प्रारंभ गेहूं खरीदी का कार्य सतत् रूप से जारी है। गेहूं उपार्जन के लिए कुल 53 खरीदी केन्द्र स्थापित किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार अब गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि भी 15 मई से बढ़ाकर 20 मई कर दी गई है।

जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि अब तक 4065 किसानों द्वारा 2 लाख 40 हजार 616 क्विंटल से अधिक गेहूं का विक्रय किया गया है। लगभग 80 प्रतिशत गेहूं का उपार्जन के उपरांत भण्डारण के लिए परिवहन भी किया जा चुका है। किसानों को लगभग 19 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान भी हो चुका है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा सभी खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के दृष्टिगत समस्त मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस वर्ष किसानों से 2400 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदी की जा रही है।

# पंचायत गहरा की आदिवासी बस्ती पनारी में पानी का संकट

**पन्ना।** क्षेत्रांचल गांव में जल सकंट गहराने लगा है जल स्तर नीचे जाने से गांव न में लगे सरकारी हैण्डपम्प जबाव देने लगे है। पानी की दूसरी व्यवस्थाओं नहीं होने से लोगों को अपने और पशुओं के लिए पाने का पानी तथा निस्तार के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए बडी परेरशानियां का सामना करना पड रहा है। क्षेत्रांचल स्थित पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गहरा की आदिवासी बस्ती पनारी जहां । पर लगभग आधा सैकडा परिवार रहते हैं। लोगों को इस समय गांव से करीब दो किलोमीटर दूर एवं पान घटा स्थित एवं चौपडे से पानी लाना पडता है। - स्थानीय ग्रामीणों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यूं तो बताने के लिए गांव में दो सरकारी हैण्डपम्प लगे हैं किन्तु इन हैण्डपम्पों की स्थिति यह है कि दो हैण्डपम्पों से मात्र बीस डिब्बों पानी नही निकल रहा



है एक हैण्ड पम्प चालू स्थिति में है जिसकी स्थिति है कि कड़ी मशक्कत करने के बाद दस डिब्बों पानी भी नहीं निकलता है। इसके चलते पूरे गांव के लोग लगभग दो से ढाई किलोमीटर दूर स्तिथि चौपडा एवं पान घटा का पानी भरकर लाते हैं ग्रामीणों ने कहा कि इसके चलते पानी की व्यवस्था में भी समय चला जाता है गांव के लोगों ने बताया कि गांव के लोगों की पानी की समस्या के समाधान के लिए अभी तक नलजल योजना से टंकी बन रही है पर शासन-प्रशासन के लोग ध्यान नही दे रहे हैं। हैंड पंप में गंदा पानी के साथ दस से 15 पन्दरा डिब्बे से अधिक नहीं निकलता कभी भी जंगली ग्राम होने के बाद भी जहां के लोगों को शुद्ध पेयजल उपस्थित नहीं है

इनका कहना यह है कि ग्राम पंचायत गहरा को पनारी के लिए दो मोटर दे चुके हैं वह मोटर कहां है और व्यवस्था क्यों नहीं हुई इसका पता लगाना होगा। ऐ के आवास्थ्य एचएम पीएचपी पन्ना

## राष्ट्रगीत का हुआ सामूहिक गायन

**पन्ना।** मई माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम का सामूहिक गायन हुआ। राष्ट्रगीत के गायन के बाद शासकीय कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# अमरीकी मूल के माता-पिता ने ईशानी को लिया गोद, अब जाएगी विदेश



**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने मातृछाया सेवा भारती सतना पहुंचकर गोद लेने के इच्छुक अमरीकी मूल के नागरिकों के हाथों में बच्ची ईशानी को सौंपा। कलेक्टर ने मातृछाया में स्वयं उपस्थित होकर दत्तक ग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की और इच्छुक दंपित्त से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कानूनी रूप से स्वयं अभिभावकों के हाथों में बच्ची को सौंपते हुए उनसे बच्ची को कभी अनाथ नहीं समझने का वचन लिया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा अपने कार्यकाल में अब तक 47 दत्तक ग्रहण के आदेश जारी कर बच्चों को गोद लेने के इच्छुक दम्पत्तियों को सौंपा जा चुका है। इनमें अप्रैल 2021 से मार्च 2022 में 7 बच्चे, अप्रैल 2022 से मार्च 2023 में 12 और अप्रैल 2023 से मार्च 2024 में 28 बच्चों के दत्तक ग्रहण आदेश जारी हुये हैं। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा बच्चों के गोद लेने के मामले में नवाचार किया गया था। पहले गोद लेने वाले दंपत्ति को कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होना पड़ता था। लेकिन कलेक्टर श्री वर्मा ने नई व्यवस्था करते हुये बच्चों को गोद लेने वाले दंपत्तियों को कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित नहीं होना पड़े। इसके लिये कलेक्टर स्वयं संबंधित संस्था में पहुंचकर दंपत्तियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर स्थिति के अनुसार बच्चों को सौंपते हैं।

# कलेक्टर ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना पहुंचकर स्ट्रांग रुम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को भी सुबह जिला कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी और एलईडी टीवी की जांच कर सुरक्षा प्रहरियों को पूरी सजगता के साथ पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में खजुराहो संसदीय क्षेत्र के मतदान में उपयोग की गई ईवीएम मशीन मतदान पश्चात कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रुम में सुरक्षित रखी गई हैं। इन मशीनों को स्ट्रांग रुम से



मतगणना दिवस पर 4 जून को बाहर निकाला जाएगा। संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले की तीन विधानसभा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को भी अपनी-अपनी विधानसभा के स्ट्रांग रुम का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों ने संभाली है। स्ट्रांगरूम के पास किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं है। स्ट्रांग रूम के भीतर और उसके चारों ओर की प्रत्येक गतिविधि पर सीसीटीव्ही कैमरों से नजर भी रखी जा रही है।

# बच्चों को दागे नही उपचार कराएं

## महिलाओं ने ली बच्चों को न दागने की शपथ

**शहडोल।** दागना कुप्रथा रोकने हेतु कलेक्टर श्री तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढार एवं गोहपारू के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के ग्राम पंचायत बंधवा, हर्री-77 कोटमा सहित अन्य ग्राम पंचायतो में महिलाओं को दागना कुप्रथा रोकने हेतु दीवार लेखन, नाराकंन, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को समझाइए दी जा रही है कि बच्चों को दागना कानूनन अपराध है, बच्चों को दागने पर संबंधितों के विरूद्ध 1 लाख रूपये का जुर्माना और 3 साल की सजा हो सकती है, यादि कोई बच्चा बीमार होता है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और डॉक्टर की सलाह से उपचार कराएं। मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि छोटे बच्चों को निमोनिया होने पर दागे नही न ही किसी के बहकावे में आकर दागे, दागने से बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। दागना कुप्रथा रोकने हेतु चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को बच्चों को न दागने हेतु शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार बरूका व अन्य ग्राम पंचायतों में सास बहु सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं को बच्चों को न दागने के लिए प्रेरित किया गया। जन जागरूकता अभियान में ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित अन्य मैदानी अधिकारी शामिल थें।

# गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों को करें ब्लैकलिस्टेड : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने निर्देश दिए है कि नगरीय क्षेत्रों में कराए जा रहे निमार्णकार्यों का सभी नगरपालिका अधिकारी सतत रूप से निरीक्षण करंश तथा यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के होना चाहिए। निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों को वो कभी बर्दाश्त नहीं करेगे। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि वह स्वयं नगरीय क्षेत्रों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाये जाने पर



संबंधित जवाबदेह अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि नगरीय क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता के निर्माण कार्य हों और निर्माण कार्य समय पर हों यह जवाबदेही नगर पालिका अधिकारियों की है। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि सभी नगर पालिका अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य समय सीमा में हो, उच्च गुणवत्ता पूर्ण हों, कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि जो निर्माण एजेन्सी अथवा ठेकेदार निर्माण कार्य समय पर नहीं करते हैं, गुणवत्ताहीन कार्य करते हैं ऐसे ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें तथा नियमानुसार उनके विरूद्ध कार्यवही भी करना सुनिश्चित करे। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज नगरीय प्रशासन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए। बैठक मे नगरीय प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि वह गुणवत्ताहीन और घटिया निर्माण कार्यों को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान निर्माण कार्यों का निरीक्षण कराना मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की जवाबदेही होगी। बैठक में कमिश्नर ने नगरीय निकायवार निर्माण कार्यो की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर अनूपपुर श्री अमन वैष्णव, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, परियोजना अधिकारी शहरी विकास प्राधिकरण श्री अमित तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल श्री अक्षत बुंन्देला, नगर पलिका अधिकारी पसान, श्री प्रशांत आर्मो, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन श्री अरविंद शर्मा, नगर पलिका अधिकारी अमरकंटक श्री चैन सिंह परस्ते, एवं अन्य नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चे खेल रहे थे मोबाइल पर गेम, विस्फोट से बच्चों के हाथों की अंगुलियां क्षतिग्रस्त

**मैहर।** जिले के खैरा गांव में परिवार के लोग अपने अपने काम पर गए थे। बच्चे मोबाइल में गेम खोल रहे थे। खेलते समय मोबाइल की बैटरी फटने से दो बच्चों की अंगुलियां काफी क्षतिग्रस्त हुई हैं। घायल दोनों बच्चों की उम्र तकरीबन 10 साल है। घटना के वक्त दोनों बच्चे घर में अकेले थे। मां खेत गई हुई थी एवं अन्य परिजन भी काम में गए हुए थे। घायल बच्चों को सिविल अस्पताल मैहर में प्रारंभिक उपचार



के बाद सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां दोनों घायल बच्चों का इलाज चल रहा है। 10 वर्षीय शुभम साहू और उमेश साहू मोबाइल की बैटरी अलग से निकालकर क्लिप में लगाकर चार्ज कर रहे थे, जिसे कउआ चार्जर भी कहते हैं तभी बैटरी फट गयी। बैटरी के ब्लास्ट होने से दोनों युवक शुभम और उमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चों में से शुभम की दोनों हाथों की अंगुलियां काफी क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके साथ ही अन्य जगह पर भी चोट आई है। घायल बच्चों के परिजनों का कहना है कि मोबाइल की बैटरी को निकालकर अलग से क्लिप में चार्ज करने से अचानक बैटरी फट गई। हालांकि ऐसा बहुत लोग करते हैं जो उचित नहीं है।

# झाड़ियों मे पड़ी महिला को सलेहा पुलिस ने पंहुचाया स्वास्थ केन्द्र

**पन्ना।** सलेहा थाना अन्तर्गत बंधोरा ग्राम के पास झाडियों मे एक बुजुर्ग महिला पडी हुई थी जिसकी सूचना सलेहा पुलिस को मिलने पर पुलिस ने उसे स्वास्थ केन्द्र भेज दिया है। तथा उसका ईलाज कराकर परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है। दिनांक 28 अप्रैल को मनोज त्रिपाठी प्रधान आरक्षक को दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली की एक बुजुर्ग महिला बेहोशी की हालत में ग्राम बंधौरा में नदी के किनारे झाड़ियों में पड़ी है। जिसपर थाना प्रभारी के दिशा निर्देशन पर तत्काल मौके पर एसआई शिवेंद्र प्रताप सिंह आरक्षक अंकित त्रिपाठी महिला आरक्षक नेहा रैकवार पहुंचे और महिला को झाड़ियों से बाहर निकाल कर 108 एंबुलेंस को काल किया और जब तक एंबुलेंस आई उस बीच मानवता दिखाते हुए। सभी ने महिला को होश में लाने के मानवीय पहल की जिससे महिला सहज हो पाई और उसने स्वास्थ केन्द्र सलेहा भेज कर इलाज कराया गया। जिसको लेकर परिजनो ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

# नागरिकों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएं : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद ने शहडोल संभाग के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिको को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल प्राथमिकता के साथ मुहैया कराएं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन नगर पालिका क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है ऐसे नगरपालिका क्षेत्रों के वार्डों का मुख्यनगर पालिका अधिकारी प्रतिदिन भ्रमण करें तथा पानी वितरण की व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाएं साथ ही नागरिकों को पेयजल के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने सभी नगर पालिका अधिकारियो को निर्देश दिए हैं कि ग्रीष्मकाल में




सभी नागकरिको को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पेयजल की साप्ताहिक जांच कराएं, कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद ने उक्त निर्देश आज पेयजल व्यवस्था की संभागीय समीक्षा बैठक में नगर पलिका अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने नगर पालिकावार पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में बिजुरी एवं डोला नगर पालिकाओं के कुछ वार्डों मे टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि टेंकरो से पानी देने की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनांए तथा नागरिकों को उनके घरों में ही पेयजल उपलब्ध हो इसकी मानीटरिंग निरंतर करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रतिदिन वार्डो के भ्रमण पर जाएं तथा पेयजल व्यवस्था की निरंतर मानीटरिंग करें। कमिश्नर ने बैठक में शहडोल एवं अनूपपुर नगरों की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों की बढ़ती हुई जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था की कारगर व्यवस्थाएं लंबे समय के लिए बनाएं तथा निकट भविष्य में नागरिकों को सहजता से कैसे पेयजल उपलब्ध होगा इसकी कार्य योजना भी बनाएं। बैठक में कमिश्नर ने नगरीय निकाय वार अमरकंटक, ब्यौहारी, कोतमा, बकहो, डूमरकछार, बनगवां, पाली, जैतहरी, नौरोजाबाद, बुढ़ार, धनपुरी खांड एवं अन्य नगरीय निकायों की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन नगर पालिका क्षेत्रों में नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति टैंकरों से की जाती है ऐसे सभी नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टैंकरो से पानी की आपूर्ति के फोटोग्राफ्स प्रतिदिन मुझे उपलब्ध करांएगे। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में नागरिकों को पेयजल मुहैया कराना मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शासकीय एवं नैतिक दायित्व है अत: सभी नगर पालिका अधिकारी प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की स्वयं मानीटरिंग करें वार्डो का भ्रमण करें ओर नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना सुनिश्चित करें।

# उपनिरीक्षक अशोक द्विवेदी हुए सेवानिवृत्त, कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा सहित स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

**पन्ना**

पुलिस विभाग में पन्ना कोतवाली से अपनी नौकरी की शुरुआत करने वाले अशोक द्विवेदी उपनिरीक्षक पद से 37 वर्ष सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हो गयें है। उनके सेवा निव्त्त होने पर कोतवाली मे पदस्थ युवा नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा तथा स्टाफ के द्वारा साल, श्रीफल सहित उनका सम्मान करते हुए विदाई दी गई। इस दौरान श्री द्विवेदी के परिजन भी उपस्थित रहें। जिसमे उनकी धर्मपत्नी राजेश्वरी द्विवेदी का भी महिला स्टाफ द्वारा सम्मान किया गया। द्विवेदी ने लंबे समय तक विभाग मे सेवाए दी है। अशोक दुवेदी को दो एनकाउंटर में आउट ऑफ टर्न प्रमोशन भी मिला था। जिसके चलते उन्हे उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई थी। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे। इस दौरान कार्तिक द्विवेदी, पद्मनाभ द्विवेदी, राजेश्वरी द्विवेदी, शिवकुमार त्रिपाठी, प्रज्ञा परोहा, उप निरीक्षक रचना पटेल, उपनिरीक्षक कस्तूरी अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक राम सजीवन तिवारी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फूल कुमारी क्रिकेटटा, उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पांडे, उपनिरीक्षक रामकृष्ण पाण्डेय ,सहायक उप निरीक्षक रानी भारतीय, दीप प्रकाश, सृष्टि तिवारी जानकी सिंह तारा देवी, नत्थू लाल, राजकुमार, रवि खरे सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारीयों के द्वारा विदाई दी गई।

